# महत्वपूर्ण एवं खास

## मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का उठाएं लाभ

सिंगरौली (आरएनएस)। कार्यपालन अधिकारी जिला अन्त व्यवसायी सहकारी विकास से प्राप्त जानकरी अनुसार जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के न्यूनतम 8 वी उत्तीर्ण युवक-युवतियों को जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच हो तथा आवेदक पूर्व में नियोजित न हो उन्हें मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र मगऐ जा रहे है आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र स्थाई होना चाहिए जिनके माता पिता अभिभावक अपना स्वयं की आय गरीबी रेखा से नीचे हो या पोस्ट मैट्रिक छात्रो की पात्रता हेतु भारत सरकार के सामान्य हो।

## गंगोह पुलिस द्वारा 2 अभियुक्त ट्रक व 160 कुन्तल चावल के साथ गिरफ्तार

सहारनपुर (आरएनएस)। गत 18 सितम्बर को अंकित निवासी गल्ला मण्डी (फिरोज़ाबाद) ने अपना 220 कुन्तल चावल ट्रक में लादकर ट्रक मालिक पदम व चालक सुरेश को कुरूक्षेत्र के लिए रवाना किया था। गंगोह आने के बाद पदव व सुरेश ने अपना मोबाईल बंद कर लिया। 'एसएसपी सहारनपुर' द्वारा उक्त घटित हुई घटना का सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु थाना गंगोह पुलिस को निर्देशित किया गया था। 'आज अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र व सीओ गंगोह' के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर मछरौली प्राइमरी स्कूल के पास से उक्त मुकदमें में शामिल रहे 'अभियुक्त (1)- सुरेश पुत्र करतारा' निवासी मोहल्ला बुद्धू घर थाना गंगोह '(2)- पदम पुत्र जगदीश' निवासी ग्राम झाडवन थाना तीतरों को उपरोक्त मुकदमे से संबंधित 160 कुंतल चावल एक 10 टायर ट्रक सहित गिरफ्तार किया है।

## 27 को आरटीओ में जमा होंगे टैक्सी चालकों के कागजात

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ ने गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल में आगामी 27 सितंबर से अपने वाहनों के समस्त कागजात संबंधित परिवहन कार्यालयों में जमा कर वाहनों का संचालन न करने की चेतावनी दी है। महासंघ ने कहा कि स्पीड गवर्नर एवं अन्य मांगों का निस्तारण न होने के चलते यह निर्णय लिया गया है। महासंघ के अध्यक्ष राकेश बर्त्वाल एवं सचिव महावीर बहुगुणा ने कहा कि शासन प्रशासन के साथ कई बार की वार्ता के बावजूद उनकी मांगों का निराकरण नहीं हो रहा है। स्पीड गर्वनर की बाध्यता समाप्त करने सहित चालानों का जुर्माना बढ़ाने एवं एक ही अपराध के लिए कई तरह के दंड का प्रावधान किए जाने के विरोध में महासंघ की बैठक में वाहन स्वामियों ने आगामी 27 सितंबर से अपने वाहनों का संचालन न करने का निर्णय लिया है। कहा इसके विरोध में गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल के समस्त व्यावसायिक परिवहन व्यावसायी अपने वाहनों के संपूर्ण कागजात परिवाहन कार्यालयों में जमा कर देंगे एवं वाहनों को अपने गैरेज या घर पर खड़ा कर देंगे। कहा यदि सरकार का यही रवैया रहा तो महासंघ उग्र आंदोलन करने को भी विवश होगा।

## किसानों ने सरकार का किया पिंडदान

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। किसानों ने सरकार का पिंडदान किया। उन्होंने रामलीला मैदान से गांधी चौक तक रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था सरकार ने चुनावों में कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन अब उनके साथ धोखा किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में किसान संगठन अध्यक्ष सुभाष जोशी के नेतृत्व में जिले के किसान नगर के गांधी चौक में एकत्र हुए। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। किसानों का कहना था कि 2017 के विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में किसानों से लोक-लुभावन वादे किए गए। लेकिन सत्ता मिलते ही पार्टी अपनी बातें भूल गई। मौजूदा सरकारें किसानों से वसूली कर उनका उत्पीड़न कर रही है। किसान संगठन पिछले एक साल से सरकार को किसानों से किए वादे याद दिलाने की कोशिश कर रहा है। बावजूद इसके लगातार किसानों की परेशानियों को नजरंदाज किया जा रहा है। संगठन ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जगदीश विश्वकर्मा, देव राम, केसी राम, प्रेम कुमार, मोहन राम, जगदीश प्रसाद, भागीरथी देवी, अनिल चंद आदि शामिल रहे।

## प्रसव के बाद गर्भवती महिला की मृत्यु होने पर 2 लाख रू. अनुग्रह राशि दी जायेगी

भोपाल (आरएनएस)। गर्भावस्था के दौरान प्रसव के समय एवं प्रसव उपरांत कई महिलाओं की मृत्यु हो जाती है, इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई कार्यक्रम संचालित कर मातृ मृत्यु के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कारणों का पता लगाकर उसे कम किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल 2018 के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार अनुग्रह सहायता योजना के तहत पंजीबद्ध असंगठित श्रमिक के मृत होने की दशा में उसके उत्तराधिकारी को पदाभिहीत अधिकारी द्वारा सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये राशि का भुगतान किया जायेगा। गर्भ धारण से लेकर प्रसव के बाद 42 दिन तक किसी गर्भवती माता या धात्री माता की मृत्यु होती है तो उसके परिजनों को संबल योजना अंतर्गत 2 लाख रूपये अनुग्रह राशि प्रदान की जायेगी।

## पूरी रात बिजली गुल रहने से परेशान रहे कॉलोनी के लोग

हरिद्वार (आरएनएस)। कनखल क्षेत्र की कॉलोनी में पूरी रात बिजली गुल रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारी विद्युत लाइन में खराबी आने के कारण शटडाउन लिए जाने की बात कह रहे हैं। कनखल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से सटी द्वारिका विहार कॉलोनी में सोमवार पूरी रात बिजली गुल रहने से करीब सात हजार की आबादी प्रभावित रही। रात को करीब आठ बजे बिजली जाने के बाद सुबह 11 बजे लौटी। कॉलोनी निवासी मीणा आहूजा, हेमलता शुक्ला ने बताया कि रात को ही बिजली बंद हो गई थी, जो मंगलवार सुबह चालू हुई। पूरी रात अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर होना पड़ा। हरीश आहूजा, शुभम ने बताया कि बिजली जाने के बाद ही पानी भी चला गया था। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता वीएस पंवार ने बताया कि 33 केवी की लाइन में कुछ खराबी आने के कारण शटडाउन लिया गया था। लाइन को ठीक करने के बाद बिजली चालू कर दी गई।

# कलियर में बस में करंट से आग लगने से आधा दर्जन यात्री झुलसे



हरिद्वार (आरएनएस)। जनपद हरिद्वार के रुड़की क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। कलियर में एक सवारियों से भरी बस में आग लगने से आधा दर्जन यात्री झुलस गए। हादसे का कारण हाईटेंशन लाईन का तार बताया गया है।

बस में करीब 50 यात्री सवार थे। वहीं एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया गया है। एक कि हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया। हरिद्वार स्थित एल्प्स कम्पनी की बस प्रतिदिन की तरह कलियर क्षेत्र से कर्मचारियों को लेने आई थी। बस अलग-अलग गांव से महिलाओं एवं पुरुषों को एकत्र करती है। मंगलवार की सुबह वह इनायतपुर से सिडकुल की ओर जा रही थी। जैसे ही बस हद्दिवाला के समीप पहुंची तो सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाईन का तार बस से टच हो गया।

इस कारण बस में करंट फैल गया। आग की लपटों से घिरी बस आग लगते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। बस में सवार लोगों को इतना मौका भी नहीं मिला कि वह अपनी जान बचाने के लिए भाग पाएं। बस में सवार करीब आधा दर्जन लोग बुरी तरह झुलस गए। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। वहीं सूचना परिजनों को मिली तो वह भी घटनास्थल की ओर दौड़ लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया है। वहां 20 वर्षीय निशा की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# हाईटेंशन की चपेट में आई बस, एक की मौत, कई घायल

रुडकी (आरएनएस)। एक कंपनी के कर्मचारियों को लेकर सिडकुल स्थित फैक्ट्री जा रही बस हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से आग का गोला बन गई। आग और करंट की चपेट में आने से छह कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। बस में पचास कर्मचारी सवार थे। एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ऊर्जा निगम के जेई अतुल रावत को निलंबित कर एमडी को जांच के आदेश दिए हैं।

सिडकुल हरिद्वार में स्थित एक कंपनी की बस रोजाना क्षेत्र के इनायतपुर, बेलकी मसाई, हलजौरा, सिकरौढ़ा, इब्राहिमपुर आदि गांव में रहने वाले कर्मचारियों को लेकर कंपनी जाती है। मंगलवार को कंपनी की बस में सवार होकर करीब 50 कर्मचारी फैक्ट्री जा रहे थे। सुबह करीब पांच बजे जैसे ही बस हद्दीपुर और इब्राहिमपुर के बीच पहुंची तो सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार नीचे लटका हुआ था। चालक मुनेश ने झूलती लाइन से बस को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तार बस को छू कर नीचे गिर गया। तार से निकली चिंगारी से बस के निचले हिस्से में आग लग गई। बस में करंट फैलने और आग लगने के बाद कर्मचारियों में चीखपुकार मच गई। बस में सवार लोगों ने राहगीरों की मदद से बस के शीशे तोड़े और खिड़की से बाहर निकलने लगे। तब तक चालक मुनेश (28) निवासी बंजारेवाला, दीपक सैनी (29) पुत्र आंनद निवासी मसाई कला, सचिन (28) पुत्र नेकीराम निवासी बेलकी मसाई, निशा (20)पुत्री रामकुमार निवासी इनायतपुर , सुलेमान(27) पुत्र आलम, गुलफाम (26) पुत्र निन्ना हलजौरा झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए रुड़की के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, प्रकरण को लेकर ज्वालापुर विधायक सुरेश राठौड़ के नेतृत्व में लोगों ने ऊर्जा निगम के खिलाफ धरना दिया।

एसएसपी कृष्ण कुमार वीके ने बताया कि युवती को हायर सेंटर भेजा गया है। उसकी स्थित गंभीर बनी हुई है। एसपी देहात मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। हादसे के बाद लोगों ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाकर मौके पर जमकर हंगामा किया।

# 48 घंटे के अन्दर पुलिस ने किया हत्याकाण्ड का खुलासा

### लूटे हुए सोने के जेवरात व नगदी सहित अभियुक्त को किया गिरिफ्तार

### अपनी गिरवी रखी बाइक को छुडाने व गर्भवती पत्नी के प्रषव के लिए अभियुक्त अमित त्रिवेदी ने दिया था हत्या जैसे जघन्य अपराध की घटना को अन्जाम

उन्नाव (आरएनएस)। अपनी गिरवी रखी बाइक छुडाने व गर्भवती पत्नी के प्रशव को लेकर अभियुक्त अमित त्रिवेदी पुत्र घनश्याम त्रिवेदी निवासी उकाथू थाना खागा जनपद फतेहपुर ने अपनी मालकिन की हत्या कर घर में रखे 15हजार रू व सोने जेवरात लेकर फरार हो गया था।प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम के एक दिन पहले 20 सितम्बर 2018 की रात करोडो की मालकिन राजेन्द्र कौर पत्नी त्रिलोचन निवासी शेखपुर थाना कोतवाली की उसके नौकर अमित त्रिवेदी ने पैसों के लालच में आकर निर्मम हत्या कर दी थी।




अभियुक्त को पकड़ने के लिए अपर पुलिस अधिक्षक पूर्वी अनूप कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी नगर स्वतंत्र कुमार सिहं के न्रेतत्व में स्वाट टीम प्रभारी कुलदीप तिवारी,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरूण व्दिवेदी को लगाया गया।पुलिस ने सयुक्त रूप सें मिलकर अभियुक्त अमित त्रिवेदी को गिरिफ्तार कर लिया।जुवां का लती अभियुक्त अमित त्रिवेदी ने हत्या की घटनाक्रम का खुलासा करते हुए पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व वह म्रतका के घर में सुरक्षा कर्मी /नौकर रूप में काम करने आया था।म्रतका राजेन्द्र कौर का भरोषा जीत लिया। आगें खुलासा करते हुए अभियुक्त ने बताया कि उसको पैसे की बहुत जरूरत थी।अपनी गिरवी रखी बाइक को छुडाने के लिए व गर्भवती पत्नी के इलाज के लिए पैसे की जरूरत थी। मोहर्रम के त्योहार में पुलिस व्यस्त रहेगी, यही सोचकर मोहर्रम के एक दिन पहले 20-21 सितम्बर की रात को मौका पाकर उसने राजेन्द्र कौर को मौत के घाट उतार कर घर में रखे 15हजार रू, म्रतका हाथ की अगूंठिया व गले की चैन, मोबाइल फोन लेकर कानपुर मगंला बिहार गया जहां पर वह किराए पर रहता था। दोनो फोन के सिम निकाल दिया और मोबाइल फोन नाली में फेंक कर खून से भरे कपडे बदल कर रात्रि में वह अपने गावं उकाथू खागा जनपद फतेहपुर जाकर एक सोनार के यहां के 69हजार रू में सोने के जेवरात बेचा और खागां स्टेशन के पास एक बाग में हो रहे जुएं के फड में बैठ गया।जुवां खेलने के बाद अभियुक्त 70हजार रू हार गया ।पुलिस हत्यारोपी को पकड कर जेल भेज दिया तो वहीं पुलिस अधीक्षक हरीष कुमार ने पुलिस टीम को सराहनीय कार्य के लिए 10हजार रू का इनाम देने की घोषणा किया।

# ऑल इंडिया वॉलीबाल सर्विसेज में शिक्षक रणवीर का चयन

विकासनगर (आरएनएस)। ऑल इंडिया वॉलीबाल सर्विसेज प्रतियोगिता 2018 में राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पपडियान के सहायक अध्यापक का चयन हुआ है। मंगलवार सुबह अध्यापक रणवीर तोमर को पछुवादून विकास मंच कार्यकर्ताओं ने सम्मानित कर बधाई दी। मंगलवार सुबह बीआरसी कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में मंच संयोजक अतुल शर्मा ने शॉल भेंट कर रणवीर तोमर को सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के शिक्षक रणवीर तोमर को राष्ट्रीय टीम में शामिल होना पछुवादून ही नहीं सम्पूर्ण उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। चयनीत हुए रणवीर तोमर ने भी मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अवश्य ही क्षेत्र के बालक और बालिकाओं को खेल में निखारने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सुनील तोमर, संजीव कुमार, अनंद सोलंकी, सूरज मंद्रवाल, वीरबल सिंह, नरेश नौटियाल, अवनीश धीमान, संजय कुमार, मनोज कुमार, संतराम जिनाटा, कुशलमणी, विजयपाल सिंह, सरीता आदि मौजूद रहे।

# भोपाल में राज्य स्तरीय कहानी उत्सव 8 अक्टूबर को

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में रोचकता लाने के मकसद से दो श्रेणियों में कहानी उत्सव आयोजित किया जा रहा है। कहानी उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कहानी सम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र की पुण्य तिथि पर 8 अक्टूबर को भोपाल के प्रगत शैक्षिक शिक्षा महाविद्यालय में होगा। कहानी उत्सव कक्षा 5 से 8 तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों और कार्यरत शिक्षकों के बीच होगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वे विद्यार्थी और शिक्षक शामिल होंगे जिन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो श्रेणियों के प्रतिभागियों को 5-5 मिनिट का समय दिया जायेगा। सहभागी कहानी को प्रभावी बनाने के लिये कोई सामग्री जैसे कठपुतली, चित्र, पोस्टर व अन्य सामग्री का उपयोग कर सकेंगे। प्रतियोगिता के संबंध में अन्य जानकारी फोन नं.- 0755-2765228 प्राप्त की जा सकती है।

# अनशनकारी दो महिलाओं की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। जीवीके कंपनी से अपनी मांगे मनवाने को लेकर भूख-हड़ताल पर बैठी दो महिलाओं की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर पुलिस ने उन्हें बेस अस्पताल में भर्ती कराया। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक मांगे हल नहीं होती है, तब तक मांगों को लेकर भूख-हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर पहुंचे एडीएम टिहरी से आंदोलनकारियों ने वार्ता की। जिसमें आंदोलनकारियों ने टिहरी में कंपनी और प्रशासन की मध्यस्ता में बैठक कराने की बात कहते हुए मांगों पर जल्द कार्यवाही की मांग की। कीर्तिनगर में रामलीला मैदान में चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को भूख-हड़ताल



बैठी विमला देवी एवं उमा देवी की हाल बिगड़ जाने जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें धरना स्थल से उठाकर बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि महिलाएं भूख-हड़ताल पर है और सरकार अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है, जो निंदा का विषय है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दौलत कुंवर ने कहा कि जब तक मांगे हल नहीं होती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द कंपनी से मांगे हल कराने के लिए काम करना चाहिए, ताकि लोगों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हो सके। इस मौके पर गीता देवी, अजंनी देवी, सरोजनी देवी, बबीता मुयाल, सुन्दरी देवी, संतोषी, सरिता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पेंशन के मुद्दे को आगामी चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल करेंगें- राहुल गांधी



सुलतानपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व अटेवा का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी से मुसाफिरखाना स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस में पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में मिला और कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस मुदे को शामिल करने के संबंध में ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में राहुल गांधी ने संगठन को दिल्ली बुलाया और वहां पार्टी के मेनिफेस्टो कमेटी से मिलकर अपना पक्ष रखने हेतु कहा। राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आप सब दिल्ली आइये हम पुरानी पेंशन के मुद्दे को आगामी विधानसभा व 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी घोषणापत्र में शामिल करेगी। अटेवा के संरक्षक बृजेन्द्र त्रिपाठी ने 26 नवम्बर को नई दिल्ली में अटेवा द्वारा आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए आवश्यक है इसलिए हम इस मुद्दे का समर्थन करने के लिए दिल्ली में आयोजित अटेवा के कार्यक्रम में अवश्य शामिल होंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने राहुल गांधी से कहा कि वर्तमान में जारी एनपीएस योजना के रूप मे देश का सबसे बड़ा घोटाला हो रहा है। कर्मचारियों का कट रहा पैसा कहां जा रहा है इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। एनपीएस योजना शेयर मार्केट पर आधारित है। जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ धोखा हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय, दूबेपुर के अध्यक्ष शमीम अहमद, अटेवा संरक्षक बृजेन्द्र त्रिपाठी, अटेवा के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मौर्या शामिल रहे।

## युवती के खाते से निकाले 40 हजार

रुडकी (आरएनएस)। भगवानपुर शाहपुर निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर अपने खाते से 40 हजार की नगदी निकाल लिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।कस्बे के शाहपुर गांव निवासी शाहिस्ता ने भगवानपुर थाने पहुंचकर अवगत कराया कि चार दिन पहले उसके मोबाइल पर एक फोन आया था। जिसमें उसने कुछ सवाल जवाब किए। साथ ही उसने उससे एटीएम का नंबर की जानकारी ली गई।

# बूचड़ों द्वारा गंगा में गंदगी डाले जाने पर लोगों में आक्रोश



उत्तरकाशी (आरएनएस)। बीती देर रात को बूचड़खानों के बचे अवशेषों को वाहन में लाकर गंगा नदी में फेंकते हुये स्थानीय लोग एक व्यक्ति को पकड़कर थाने ले आए। देर रात तक स्थानीय लोग इस मामले में थाने में हंगामा करते हुए गंगा नदी के किनारे कारोबार कर रहे व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त करने की मांग करने के साथ ही इनके खिलाफ नदी में अवशेष डालने पर कार्यवाही मांग की। मामले में पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीती देर रात को तिलोथ पुल पर एक वाहन में बूचड़खाने के अवशेष लाकर डालने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने पकड़ा। स्थानीय लोगों में सामाजिक कार्यकर्ता कल्पना ठाकुर, जय प्रकाश भट्ट, अमेरिकन पूरी, तिलोथ प्रधान गुलराज सिंह, अजय प्रताप गुलेरिया, गजेंद्र चौहान, जयवीर ने थाने में वाहन सहित अवशेष डालने वाले को सौंपते हुये कड़ी कार्यवाही की मांग की।

उन्होंने जिला पंचायत पर मानकों की अवहेलना करते हुये बूचड़खानों के लाईसेंस बांटने का आरोप लगाते हुये कहा कि बूचड़खाने गंगातटों पर बना दिए गए हैं। जिससे बूचड़खानों का गंदा अवशेष सीधे गंगा नदी में डाला जा रहा है। इन्होंने आरोपी के खिलाफ एनजीटी की धाराओं के तहत भारी जुर्माना वसूलने की मांग भी और कहा कि गंगा तट से कम से कम पांच सौ मीटर की दूरी पर बूचड़खाने होने चाहिए। गंगा तटों के लगे बूचड़खानों को बंद करने की भी इन्होंने मांग की। मामले में थानाध्यक्ष महादेव उनियाल ने बताया कि मामले में आरोपी इमरान पुत्र इस्माईल के खिलाफ राजेंद्र सिंह मलूड़ा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एनजीटी के तहत भी कार्यवाही की जायेगी।